PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Saturday 10th May 2014, Page: 10
Width: 4.15 cms, Height: 12.35 cms, a4, Ref: pmin.2014-05-10.38.63

# सनफार्मा ने अमेरिका से दो दवाओं की 4 लाख बोतलें वापस मंगाई

नई दिल्ली, 9 मई (भाषा)। प्रमुख दवा कंपनी सनफार्मास्युटिकल्स अवसाद और एलर्जी की दो दवाओं की चार लाख बोतलें अमेरिका से वापस मंगा रही है क्योंकि ये अमेरिकी मानकों के अनुरूप नहीं थीं।

अमेरिकी खाद्य व दवा प्रशासन की वेबसाइट पर दी गई सूचना के अनुसार सनफार्मा की अमेरिकी इकाई, कराको फार्मास्युटिकल्य लैबोरेटरीज जरूरी शर्तों के पूरा नहीं होने के कारण सेट्रीजीन हाइड्रोक्लोराइड के पांच एमजी के चबा कर खाए जाने वाले टेबल की 1,28363 बोतलें और इसी दवा की 10 एमजी के टेबलेट की 47,813 बोतलों की एक और लाट बाजार से वापस ले रही है। इसी तरह अवसाद के इलाज में काम आने वाली वेनलाफ्लाक्सिन हाइड्रोक्लोराइड की दो अलग अलग लाट की 2.5 लाख से अधिक बोतलें वापस ले रही है।

870

3